वेबिनार से हरियाणा व तेलंगाना की विरासत के बारे बताया

आज दिनांक 31-07-2020 को डी ए वी कॉलेज, अम्बाला शहर और गवर्मेंट डिग्री कॉलेज, जहीराबाद के संयुक्त तत्वाधान मे एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत एक वेबिनार आयोजित किया गया जिसका विषय " कुरुक्षेत्र - अंबाला (हरियाणा) और हैदराबाद (तेलंगाना) की विरासत की झलक" रहा। प्रो० राजेश शर्मा, प्राचार्य डी ए वी कॉलेज और डॉ० चंद्रा मुखर्जी, प्राचार्या, गवर्मेंट डिग्री कॉलेज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो० शर्मा ने वेबिनार के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी को पारम्परिक ज्ञान और भारतीय संस्कृति से रू-ब-रू होने की परम आवश्यकता है। डॉ० गरिमा सुमरान ने पर्यटक केन्द्र और सांस्कृतिक विरासत के रूप में कुरुक्षेत्र से परिचित कराया। डॉ० आयशा बेगम ने हैदराबाद शहर की विस्तृत जानकारी दी। डी ए वी की विद्यार्थी नवज्योति और तरुण ने अम्बाला शहर का सार्वभौमिक परिचय दिया। हुमैरा, बी ए की छात्रा ने उर्दू के शायर और हैदराबाद की नींव रखने वाले मोहम्मद कुली कुतुब शाह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्रो० राजीव महाजन, डी ए वी अम्बाला कार्यक्रम के संयोजक रहे।

Scanned with CamScanner